तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 4 मई 2024

12 ईशानी का स्पीकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन

12 फेक खबरों को किसी से सांझा न करें: वीसी

खबर संक्षेप

आज-कल सात घंटे बंद रहेगा पिंडारा पावर हाउस

जींद। पिंडारा फीडर शनिवार और रविवार को सुबह नौ से सायं चार बजे तक बंद रहेगा। मुरम्मत के काम किए जाएंगे। अधीक्षक अभियंता जितेंद्र ढुल ने बताया कि पिंडारा पावर हाउस से जुड़े 11केवी खरकरामजी, सिविल अस्पताल, एमबीएन, कोर्ट रोड, अर्बन एस्टेट, लुदाना, पिंडारा, अशरफगढ़, सिंध्वीखेड़ा, रधाना फीडरों की पावर सप्लाई बंद रहेगी।

पूर्व सैनिकों की मासिक मीटिंग 5 मई को होगी

कैथल। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो. की मासिक मीटिंग 5 मई को प्रातः 9:00 बजे स्थान हनुमान वाटिका नजदीक नया बस अड्डा में होगी। प्रधान हवलदार जगजीत फौजी ने बताया कि मीटिंग का एजेंडा कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में शहिद सेवा दल हरियाणा द्वारा कारगिल तिरंगा रथ यात्रा जो 10 मई को सिरसा से शहीदो को श्रद्धांजलि देते 26 जुलाई को कारगिल पहुंचकर कारगिल वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि देंगे।

रेलवे लाइन के पास मिला अज्ञात का शव

जींद। भिवानी रोड तथा रोहतक रोड के बीच फ्लाईओवर के नीचे एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आया है। मृतक की पहचान न हो पाने के चलते शव को नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन के लिए ट्रायल 8 मई को

कैथल। हरियाणा क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-19 के लिए ट्रायल कैथल जिला क्रिकेट संघ के तत्वाध्यान में 8 मई व अंडर16 के लिए ट्रायल 12 मई को सुबह 8:00 बजे इंडस पब्लिक स्कूल में होंगे। जिला के व-16 व व-19 आयु वर्ग के सभी खिलाड़ी को सूचनार्थ यह संदेश प्रेषित किया जा रहा है।

मामा के घर से अपने घर के लिए चली युवती लापता

जींद। गांव शामदों में मामा के यहां से अपने घर के लिए निकली युवती संदिग्ध हालात में गायब हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शामदों निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उसकी 21 वर्षीय भांजी उसके पास आई हुई थी। एक सप्ताह ठहरने के बाद दो दिन पहले अपने घर जाने की बात कह कर निकली थी।

युवक से मारपीट के आरोप में मामला दर्ज

कैथल। अर्जुन नगर में चार आरोपियों ने एक युवक से मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नगर निवासी आशीष ने शहर थाना में शिकायत दी कि 29 अप्रैल को रात करीब 10 बजे आरोपी अंकित, रमन, संदीप व अक्षय ने उसे डंडे, पत्थर व ब्लॉकों से हमला कर चोटिल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

दो युवक घायल करने पर 5 के खिलाफ केस

जींद। रामराये गेट पर किराये के मकान से सामान लेकर लौट रहे दो युवकों पर पड़ोसियों ने हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रामराय गेट निवासी दिपांशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके ताऊ ने मकान किराये पर लिया हुआ है।

दुकान से पचास हजार का सामान चोरी, केस

कैथल। गांव हरिगढ़ किंगण में चोर दुकान से 50 हजार रुपये कीमत का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी जयभगवान ने चीका थाना में शिकायत दी कि एक मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उसकी गांव स्थित दुकान का ताला तोडकर घरेलू सामान चोरी कर ले गए।

105 वर्षीय भरथो देवी ने कहा : पैदल वोट डालने जाऊंगी, मुझे कोई दिक्कत नहीं

एसडीएम ने उपमंडल सफीदों की सबसे बुजुर्ग महिला को दिया लोकसभा चुनावों में वोट देने का निमंत्रण

- घर से मतदान-गाड़ी भेजने की पेशकश दोनों ठुकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों के एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष फोगाट ने शुक्रवार को गांव मालसरी खेड़ा पहुंचकर उपमंडल सफीदों की सबसे बुजुर्ग महिला 105 वर्षीय भरथो देवी को लोकसभा चुनावों में वोट डालने का निमंत्रण पत्र सौंपा। एसडीएम ने पहले तो भरथो देवी का हालचाल पूछा और उसके बाद उन्हें निमंत्रण पत्र सौंपते हुए उन्हे आगामी 25 मई को लोकसभा चुनावों में मतदान जरूर करने की अपील की। एसडीएम मनीष फोगाट ने भरथो देवी को पेशकश की कि वे घर से भी मतदान कर सकती है और अगर पोलिंग बूथ पर वोट डालना चाहती हैं तो प्रशासन की ओर से उन्हे गाड़ी उपलब्ध करवा दी जाएगी। जिस पर भरथो देवी ने एसडीएम की दोनों पेशकश दरकिनार करते बड़े जोश के साथ कहा कि वे ना तो घर से वोट डालेंगी और ना ही उन्हें किसी गाड़ी की जरूरत हैं। मैं खुद पैदल चलकर पोलिंग बूथ पर जाऊंगी और अपना मतदान करूंगी। भरथो देवी के मतदान के प्रति जोश को देखकर खुद एसडीएम, परिवार के लोग व अन्य ग्रामीण हैरान रह गए। साथ ही भरथो देवी ने हर व्यक्ति को कहा कि वह मतदान जरूर करें जोकि हर किसी का प्रजातांत्रिक अधिकार है। इस मौके पर एसडीएम मनीष कुमार फोगाट ने बताया कि वे मालसरी खेड़ा निवासी एवं उपमंडल सफीदों की सबसे उम्रदराज महिला भरथो देवी को मतदान करने की अपील के साथ निमंत्रण पत्र देने के लिए गए थे। भरथो देवी ने जैसे ही पूरे जोश के साथ निमंत्रण पत्र लिया और वोट जरूर डालने की हामी तो उनका यहां पर आना सार्थक हो गया। प्रशासन की ओर से उन्हे घर से ही वोट डालने व पोलिंग बूथ पर जाने के लिए गाड़ी उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया था लेकिन उन्होंने दोनों ही सुविधाएं लेने से साफ मना कर दिया है और उन्होंने कहा है कि वे खुद पैदल पोलिंग बूथ पर पहुंचेंगी और अपना वोट करेगी। वे बुजुर्ग भरथो देवी के मतदान के प्रति ज'बे को सलाम करते हैं। उनके इस ज'बे से हर किसी को प्रेरणा लेने की जरूरत है और हर मतदाता को अपना मतदान अवश्य ही करना चाहिए।

सफीदों। 105 वर्षीय बुजुर्ग महिला भरथो देवी को निमंत्रण पत्र सौंपते एसडीएम मनीष कुमार फोगाट व चंद्रमुखी से बात करते एसडीएम गुलजार। *फोटो :हरिभूमि*

100 वर्षीय चंद्रमुखी बूथ पर पहुंच करेगी मत का प्रयोग

जींद। उचाना के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गुलजार मलिक उचाना कलां निर्वाचन क्षेत्र के गांव खापड़ में बूथ नंबर 213 की वयोवृद्ध वोटर 101 वर्षीय सुखदेई से उनके घर जाकर मुलाकात की। हालांकि सुखदेई चलने-फिरने में लाचार हैं लेकिन उन्होंने एसडीएम को आश्वस्त किया कि वो अपना वोट घर से ही डालेंगी। उन्हें बेल्ट पेपर मुहैया करवाया जाए। वहीं एसडीएम ने इसी गांव की 100 वर्षीय चंद्रमुखी से भी मिले और लोकसभा चुनाव के दौरान उनसे वोट डालने की अपील की। जिस पर उन्होंने वोट डालने को लेकर अपनी सहमति जताई और अन्य लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

अपनी ही चूक से न हो जाए 2015 जैसा हाल

कालवा में 1350 घरों को जांचा टीम को तीन जगह मिला लार्वा

बुखार से पीड़ित संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डेंगू तथा मलेरिया से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें पिछले काफी समय से फिल्ड में है। अबतक स्वास्थ्यकर्मियों को जांच में कहीं भी लार्वा नही मिला था। क्योंकि अभी तक घरों में कूलर चलाने की शुरूआत नही हुई है और मौसम में भी सुबह और रात के समय ठंडक बनी हुई है। शुक्रवार को सीएचसी कालवा के तहत गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर बिजेंद्र बूरा के नेतृत्व में आठ टीमों द्वारा 1350 घरों की जांच की तो तीन जगहों पर लारवा मिले। जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

ऐसे में स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि अगर अब भी चूक की तो वर्ष 2015 जैसा हाल होगा। जिले में सबसे ज्यादा वर्ष 2015 में डेंगू के 668 मामले सामने आए थे। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान से साल दर साल डेंगू का प्रकोप कम होता चला गया। स्वास्थ्य विभाग को वर्ष 2016 में 157, 2017 में 135, 2018 में 98, 2019 में 47, 2020 में 28, तथा 2021 में 622, वर्ष 2022 में 535 मामले मिले थे। वर्ष 2023 में डेंगू के 340 मामले मिले थे। वर्ष 2024 में अभी तक डेंगू का एक भी मामला सामने नही आया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सितंबर व अक्टूबर माह को डेंगू के लिए पीक सीजन माना जाता है। डेंगू का मच्छर साफ पानी पर पनपता है। यह मौसम मच्छरों के पनपने लिए पूरी तरह से अनुकूल है। ऐसे में समय रहते ही स्वास्थ्य कर्मियों ने एंटी लार्वा एक्टिविटी चलाई हुई हैं। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अब कालवा में तीन जगह मिले लार्वा के बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने एंटी लार्वा एक्टिविटी को और तेज कर दिया है। शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय के तहत गांव रामराय में स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों ने फीवर मास सर्वे किया गया।

जींद। गांव रामराये में पानी की टंकी में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें

जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि डेंगू व मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग कर्मी लगातार फीवर मास सर्वे कर रहे हैं। लोगों को लगातार मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जहां भी लार्वा मिला है, वहां मौके पर ही नष्ट किया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीमें बुखार पीड़ितों की लगातार स्लाइडें बना रही हैं। आमजन को चाहिए कि वो स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

जागरूकता अभियान जारी

स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छरजनित रोगों के अलावा दूषित पानी से होने वाली डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों से निजात पाने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा शहरभर में घर-घर जा लोगो को जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छरजनित रोगों व दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी देने के अलावा निरोगी हरियाणा के तहत मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी की जांच करते लोगों को समय पर इलाज लेने की सलाह दे रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मचारी जहां दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतू पीने के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवा रहे हैं वहीं पर बुखार पीड़ित लोगों की जांच के लिए रक्त के नमूने भी ले रहे हैं।

आरटीओ ने निजी बस चालक का लाइसेंस किया जब्त, मालिक को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

निजी बस चालक द्वारा निर्धारित समय की अनदेखी कर सरकारी बस का समय दबा कर चलने वाली बस पर आरटीओ विभाग ने की कार्रवाई। शुक्रवार को दोपहर बाद 2 बजे गुप्तचर विभाग राजौंद की सूचना पर आरटीओ टीम ने कारवाई करते कैथल असंध चलने वाली बस चालक पर कार्रवाई की। बस की काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि यह बस अपने रूट पर निर्धारित समय पर न चल कर, जानबूझ कर अपने समय से देरी से चलती है। ताकि सरकारी बस के आगे चल कर यात्रियों को बिठाएं। निजी बस चालक की वजह से जहां हरियाणा राज्य परिवहन कैथल को लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा था वही अपने समय से देरी से चलने के कारण इस बस पर यात्रियों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में भी देरी हो रही थी। जिसकी शिकायत लंबे समय से सीएम गुप्तचर विभाग को मिल रही थी। गुप्तचर विभाग ने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी थी। जिस पर कार्रवाई करते जिला निरीक्षक आरटीओ कार्यालय प्रदीप ने राजौंद बस अड्डे पर औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें यह बस करीब 15 मिनिट देरी से चलती हुई पाई गई। जिसपर कार्यवाही करते हुए आरटीओ ने ड्राईवर का लाइसेंस जब्त किया और बस मालिक को बस सही समय पर चलाने बारे आरटीओ कार्यालय से नोटिस जारी किया।

जींद। हिमांशु को सम्मानित करते इंडस कॉलेज प्रबंधन। *फोटो :हरिभूमि*

इंडस कॉलेज के छात्र हिमांशु ने कुश्ती में जीता कांस्य

जींद। गत 24 से 26 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के बनारस में सीनियर कुश्ती फाउंडेशन के तरफ से 67 किलोग्राम भार में ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमे इंडस डिग्री कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र हिमांशु ने 67 किलो भार ग्रीको रोमन कुश्ती में भाग लिया व कांस्य पदक हासिल कर रा'य का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डा. राजेश कुमार मलिक ने हिमांशु का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया और उसके उ'जवल भविष्य की कामना की। इस जीत पर पूरे कॉलेज प्रांगण में खुशी का माहोल था। प्राचार्य डा. राजेश कुमार मलिक ने सभी छात्रों को संबोधित करते बताया कि हिमांशु खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी मेहनती है और कॉलेज छात्र के खेल में हरसंभव मदद के लिए लगा है और उम्मीद करता है के वह वर्तमान मैं भारत के लिए खेलें। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए हिमांशु को जीत का आर्शीवाद दिया। खेल प्रभारी डा. शेखर, सुदेश देवी, विनिताराज, ज्योत्सना, पूनम मौजूद रही।

मांगों को लेकर उपायुक्त से मिले नंबरदार, सौंपा ज्ञापन

कैथल। लघु सचिवालय में नंबरदारों की एक मीटिंग हुई। बाद में वे अपीन मांगों को लेकर डीसी प्रशांत पंवार से मिले तथा उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौपा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2021 हमारे खिलाफ एक लैटर निकाला था। उनको हम तीन काले कानून कहते हैं वह हमारे ऊपर काले कानून थोप दिए थे। इसमें एक नई नंबरदारी बंद कर दी और 65/70 की मेडिकल शुरू कर दी और 75 साल से ऊपर के रिटायरमेंट कर दी। इसके बाद हमने जो हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन की मीटिंग की धरने प्रदर्शन की है जुलूस मार्च निकाला लेकिन सरकार ने हमारी एक भी सुनवाई नहीं की। शुक्रवार को कैथल तहसील के सभी नंबरदारों के एक मीटिंग बुलाई क्योंकि इलेक्शन का समय चल चुका है। इस दौरान हम अपनी मांग जो प्रत्याशी हम तक पहुंच जाएंगे ताकि हमारी कुछ सुनवाई हो सके। वे पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर हुआ नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री से और बीजेपी के सभी नेताओं से आग्रह करते हैं कि हमारी मांगे हैं जो मान ली जाए।

वर्क फरोम होम का झांसा देकर लगाया सवा छह लाख का चूना

- साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया ठगी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वर्क फरोम होम करने का झांसा देकर बीएड कर रहे युवक को लगभग सवा छह लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी सुखविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीएड कर रहा है। गत पांच अप्रैल को उसके टेलीग्राम पर लड़की का मैसेज आया। उसने वर्क फ्रोम होम करने के बारे में पूछा। साथ ही बताया कि कार देखो प्लेटफार्म पर काम करना होगा। सात अप्रैल की फिर दूसरी युवती का संदेश आया। जिसमें बताया गया कि कार देखो के 75 चरण पूरे करने हैं ओर आईडी में 10 हजार रुपये होने जरूरी हैं। जिसके बाद उन्होंने उसे आईडी बना कर दी। फिर एक लिंक भेजा। जिसमें उसने अपना मोबाइल नंबर डाला तथा पासवर्ड बनाया। फिर दस हजार रुपये की राशि उनके द्वारा दिए गए अकाउंट में भेज दिए। जिसके साथ उसकी आईडी पर 12,889 रुपये की राशि दर्शाई गई। 75 चरण पूरे होते ही उसके खाते में 30 हजार रुपये हो गए। जिसमें से लगभग 21 हजार उसने निकाल लिए। फिर उसके टेलीग्राम पर संदेश आया कि कंपनी का स्थापना महीना चल रहा है और 50 हजार की आईडी और लगवा दी। चरण पूरा करने के साथ उसकी आईडी में साढ़े 65 हजार दर्शाए गए। जिसके बाद उसने 65,133 रुपये और लगाए तो उसकी आईडी लगभग में 1.80 लाख रुपये दर्शाए गए।

नई शिक्षा नीति से शिक्षक वर्ग में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा को शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की समस्त प्रदेश कार्यकारिणी ने प्रधान धर्मेंद्र ढांडा के नेतृत्व में अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उनके साथ आप के एजुकेशन विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मा.सतबीर गोयत भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने ज्ञापन में एजुकेशन पॉलिसी 2020 की जमकर आलोचना की और कहा कि ये पॉलिसी बीजेपी सरकार द्वारा शिक्षकों, बच्चों पर थोपी गई है। इसके साथ उन्होंने प्रदेश के सरकारी स्कूलों को विलय करने के नाम बंद करने को लेकर भी सरकार की नीति के विरोध अपना मांग पत्र सौंपा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में चिराग योजना, मॉडल संस्कृति स्कूलों के नाम पर फीस थोपना, ऑनलाइन तबादलों, पदों व स्कूलों का रैशनलाइजेशन करने के नाम पर सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे पर अप्रत्याशित हमला किया जा रहा है।अलोकतंत्रिक शिक्षा नीति 2020 को लेकर शिक्षकों में ही नहीं, अभिभावकों और नागरिकों में भी भारी आक्रोश फैल रहा है। अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को लेकर राजनीति करती है। सबसे पहले हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने सरकारी स्कूल को विलय करने और बंद करने का विरोध किया था। आम आदमी पार्टी हरियाणा में सरकार बनने पर दिल्ली की तर्ज पर सरकारी स्कूलों को प्राइवेट से बेहतर किया जाएगा। वहीं हर बच्चे को फ्री दाखिला दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों को लेकर भी बेहतर नीति बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब तक बीजेपी सरकार हरियाणा में हजारों स्कूलों को बंद कर चुकी है कई से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर चुकी है। उन्होंने कहा हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ अनुराग ढांडा को ज्ञापन सौपते।

मौसम आकाश में जमा धूल के साथ बादल छाने से बने बूंदाबांदी के आसार

दोपहर तक मौसम का मिजाज रहा गर्म, बाद में छाए बादलों ने दी राहत

अधिकतम तथा न्यूनतम में दो से सात डिग्री का इजाफा, परिवर्तनशील बना मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते मौसम ने शुक्रवार दोपहर को करवट ली। आकाश में धूल के साथ बादल छा गए। जिसके चलते धूल भरी हवा चलने के साथ बूंदाबांदी के आसार बन गए। हालांकि अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में बढोत्तरी दर्ज की गई। बावजूद इसके मौसम दोपहर बाद सुहाना बन गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 12 प्रतिशत तथा हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। बादलों के छाने से बूंदाबांदी होने की संभावना बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार मौसम मे उतार चढाव बना रहेगा। शुक्रवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ मौसम का मिजाज गर्म हो गया। हवा की गति तेज के साथ गर्म रही। बाद में मौसम ने करवट ली। आकाश में जमा धूल के साथ बादल छा गए। जिसके साथ धूल भरी हवा तथा बूंदाबांदी के आसार बन गए। जिसने गर्मी से कुछ राहत दी। बादलों के छाने से बूंदाबांदी के भी आसार बने रहे। दिन की तरह रात को भी मौसम का मिजाज गर्म रहा। न्यूनतम तापमान में सात डिग्री का इजाफा दर्ज किया गया। जबकि वीरवार रात का तापमान 19 डिग्री था। दिन के तापमान मे भी दो डिग्री का इजाफा दर्ज किया गया। जो बढ़कर 38 डिग्री पर जा पहुंचा। मौसम के गर्म हुए मिजाज का असर जनजीवन पर साफ देखने को मिल रहा था। शुक्रवार दोपहर बाद छाए बादलो ने कुछ राहत दी है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि दो दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। जिससे मौसम में उतार चढाव देखने को मिलेगा।



चुनावः लाइसेंसधारियों को भी जमा कराने होंगे हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिले के लोगों की सुरक्षा के लिए धारा 144 के तहत निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी व्यक्ति अपने साथ किसी भी प्रकार का हथियार नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि यह आदेश लोकसभा चुनाव खत्म होने तक जारी रहेगा। सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को संबंधित थाने में हथियार जमा करना होगा।

उन्होंने बताया यदि जिले में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के हथियार के साथ पाया जाता है तो व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में जाएगी। कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, भाला, चाकू , लाठी, साइकिल की चेन और हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली कोई भी वस्तु नहीं रख सकता है। यदि कोई व्यक्ति इस तरह के किसी भी हथियार के साथ पाया गया तो यह अपराध माना जाएगा और उस दोषी व्यक्ति को धारा 144 के तहत दंडित किया जा सकता है। इंडियन पैनल कोड 1973 की धारा 144 के तहत चुनाव प्रक्त्रिया के दौरान लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ये आदेश जारी किए गए हैंए केवल पुलिसकर्मी एवं शस्त्र बल ही ड्यूटी के दौरान हथियार रख सकते हैं।

खबर संक्षेप

स्वैच्छिक रक्दान शिविर आज

सफीदों । गुरू नानक सेवा संघ समिति के तत्वावधान में नगर के आर्य समाज मंदिर में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष श्याम स्वामी ने बताया कि इस आयोजन में बतौर मुख्यातिथि पदमश्री अवार्डी एवं हरियाणवीं लोक कलाकार महावीर गुड्डू शिरकत करेंगे।

विभाग ने किया मलेरिया के प्रति जागरूक

सफीदों। आगामी गर्मी व बरसात के मौसम में मच्छर जनित मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां व जापानी बुखार आदि बीमारियों के फैलने की संभावना को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सफीदों मंडी में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान की अगुवाई एमपीएचडब्ल्यू राकेश कुमार व जितेंद्र कुमार ने की। इस मौके पर लोगों के सैंपल भी लिए गए।

क्लब ने रेडक्रास को डोनेट की दो व्हीलचेयर

जींद। इन्नर व्हील क्लब ने जिला रैडक्रास सोसायटी को दो व्हील चेयर डोनेट की। इस मौके पर सचिव रवि हुड्डा ने क्लब की प्रधान वंदना गुप्ता और सदस्य प्रेम दलाल का आभार जताया। सचिव रवि हुड्डा ने कहा कि क्लब द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में काम किया जा रहा है। क्लब द्वारा डोनेट की गई व्हीलचेयर जरूरतमंदों के काम आएगी। रेडक्रास में काम के सिलसिले में आने वाले लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

11 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

नरवाना। जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार लघु सचिवालय न्यायिक परिसर में आगामी 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सब डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एवं उपमंडल स्तरीय विधिक सेवाएं समिति के चेयरमैन संदीप कुमार द्वारा जारी आदेशानुसार यह लोक अदालत 'यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अश्वनी गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित होगी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हुई मीटिंग

उचाना। उपमंडल कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। अध्यक्षता कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं बीते विस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार रहे बलराम कटवाल ने की। हलके भर से लोग मीटिंग में पहुंचे। मीटिंग को लेकर लोकसभा चुनाव के लिए विस्तार से चर्चा की।

बिना स्वीकृति सरकारी-निजी संपति का प्रयोग पड़ेगा भारी

जींद । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि बिना स्वीकृति के सरकारी या किसी की निजी संपति का चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग करना भारी पड़ सकता है। ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनाव के दौरान संपति विरूपण अधिनियम को कड़ाई से लागू किया जाएगा।

सबक सिखाओ, देश बचाओ अभियान चलाया

नरवाना। शुक्रवार को सयुंक्त किसान मोर्चे की टीम ने भाजपा और उसके सहयोगियों को सबक सिखाओ देश बचाओ अभियान को जारी रखते हुए मास्टर बलबीर सिंह रा'य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में डिम्पल, अनीता, कमलेश, भारती, रामप्यारी, मास्टर चांद, दलबीर, शिशपाल, मोहल खेड़ा का दौरा किया।

ओम इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

उचाना। ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में प्रिंसिपल डे मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा सुंदर-सुंदर पेंटिंग एवं पोस्टर बना कर प्रिंसिपल डे मनाया। स्कूल एमडी शर्मिली श्योकंद ने कहा कि जिस तरह से घर का बड़ा घर का मुखिया होता है। पूरे घर की देखभाल की जिम्मेदारी उस पर होती है।

मिल रही थी शिकायतें, समझाया नैतिकता का पाठ

सीएमओ ने बिना ड्रेस काम करने वाले कर्मचारियों को लगाई लताड़

एचकेआरएनल कर्मियों की भारी भरकम फौज, फिर भी नही बन पाती व्यवस्था, किसी कर्मी को कुछ कहने पर आ जाती है बड़ी-बड़ी सिफारिशें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में एचकेआरएनएल के तहत लगे कर्मियों की भारी भरकम फौज काम कर रही है लेकिन जब व्यवस्था की बात आती है तो कर्मी नजर नही आते। शिफ्टों में कर्मियों के होने का हवाला देकर बात को आई-गई कर दिया जाता है। वहीं अगर किसी कर्मी को कुछ कह दिया जाए तो बड़ी-बड़ी सिफारिशें आ जाती हैं। ऐसे में अधिकारियों के समक्ष बड़ी परेशानी खड़ी हो जाती है। बावजूद इसके शुक्रवार को सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने एचकेआरएनएल के तहत लगे कर्मियों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए सख्त निर्देश दिए कि अगर कोई कर्मी बिना वर्दी के काम करता मिला और मरीजों व तीमारदारों के साथ दुर्व्यवहार करता मिला तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

कर्मचारियों की संख्या 220, कई ,नही करते वर्दी में काम

नागरिक अस्पताल में एचकेआरएनल के तहत कर्मियों की संख्या 220 है। यहां तीन शिफ्टों में यह कर्मचारी काम करते हैं। हर कार्य के लिए ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। बावजदू इसके इन कर्मियों में कई कर्मी ऐसे हैं जो वर्दी पहन कर काम करना अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। इसके अलावा ऐसाा कोई दिन नही जाता जब कोई मरीज या तीमारदार इन कर्मियों के दुर्व्यवहार की शिकायत अधिकारियों से न करता है। ऐसे में कई शिकायतें मिलने पर सीएमओ डा. गोपाल गोयल, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. अरविंद, डा. रमेश पांचाल ने इन कर्मियों की क्लास ली।

जींद। आउटसोर्स कर्मियों की क्लास लेते सीएमओ डा. गोपाल गोयल। फोटो :हरिभूमि

सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के आदेश

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि नागरिक अस्पताल में जो भी आता है तो सभी स्वास्थ्य कर्मियों को चाहिए कि वो उनसे शिष्टाचारपूर्वक पेश आएं। कभी किसी कर्मी से कोई जानकारी मांगी जाती है तो उसे वह जानकारी दी जाए न कि उसे गुस्सा दिखाया जाए। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। अस्पताल में आने वाले हर मरीज को उपचार के लिए मदद करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। इस कार्य में कर्मियों को भी अपना सहयोग देना चाहिए।

कर्मी वर्दी में आएं और काम करें : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल ने कहा कि कर्मियों की कई तरह की शिकायतें मिल रही थी। जिस पर उन्हें निष्ठा से काम करने के लिए कहा गया है। क्योंकि नागरिक अस्पताल जनता का अस्पताल है और यहां आने वाले हर नागरिक को विभाग द्वारा देय हर सुविधा उपलब्ध करवाना हमारा नैतिक फर्ज है। कर्मी वर्दी में आए और कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में किसी तरह की रिश्वतखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ईशानी का स्पीकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा ईशानी आशरी ने जेसीआई जींद द्वारा आयोजित पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिता में स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 28 अप्रैल को जाइट कॉलेज में आयोजित की गई थी। यह उत्कृष्ट उपलब्धि छात्रा के असाधारण संचार कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमताओं को दर्शाती है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय छात्रा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देता है और उनके भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता हैं। यह उपलब्धि छात्रों, शिक्षकों और पूरे विद्यालय समुदाय की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। विद्यालय हमेशा एक ऐसा पोषण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है जो अकादमिक उत्कृष्टता, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देता है और छात्रों को अपनी रुचियों का पता लगाने, अपने कौशल विकसित करने और अपने सभी कार्यों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

जींद। स्पीकिंग प्रतियोगिता में स्थान हासिल करने पर इशानी को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन।

जींद। राजेश वशिष्ठ, ऊषा गुप्ता, संतरो रानी सम्मानित होते हुए।

राजेश वशिष्ठ, ऊषा गुप्ता और संतरो रानी सम्मानित

जींद। हरियाणा रा'य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने रा'य मुख्यालय चंडीगढ़ में डीओसी, डीटीसी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के सभी जिलों से डीओसी, डीटीसी ने भाग लिया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता रा'य महिला बाल कल्याण कमीश्नर व सचिव हरियाणा सरकार अमनीत पी कुमार आईएस तथा रा'य सचिव मनीराम शर्मा आईएस, लेबर कमिश्नर हरियाणा सरकार, रा'य प्रशिक्षण आयुक्त लक्ष्मी सिंह वर्मा, रा'य संगठन आयुक्त विनोद बंसल, अनिल कौशिक, रोमा सपरा ने सभी डीओसी, डीटीसी को संबोधित किया। जिला जींद से जिला संगठन आयुक्त कब बुलबुल राजेश वशिष्ठ, डीओसी गाइड ऊषा गुप्ता, फ्लॉक लीडर संतरो रानी को जिले में सर्वाधिक बच्चों का रजिस्ट्रेशन करने और अधिक से अधिक ग्रुप ऑनलाइन जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने व स्काउटिंग को रा'य व राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने पर सम्मानित किया गया। जिला संगठन आयुक्त कब बुलबुल राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जींद जिले कि कब बुलबुल गतिविधियों की राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा करना उनके लिए एक खुशी और जिम्मेदारी की बात है।

मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

नरवाना। लोकतंत्र के इस महापर्व पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य बलजीत गोयत ने रैली को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। आने वाली 25 मई को मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रजातंत्र को मजबूत करें यह संदेश लेकर स्कूल के विद्यार्थी सुबह में गांव की गलियों से गुजरते हुए मतदाताओं से रूबरू हुए। लोकतंत्र के इस महापर्व पर हमें अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान देना चाहिए। बच्चे अपने हाथ में स्लोगन बैनर और पोस्टर लिए हुए थे।

फ्री होम्योपैथिक शिविर का आयोजन

- कैंप में 169 मरीजों ने होम्योपैथिक सेवाओं का उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बंद मार्केट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में फ्री होम्योपैथिक कैंप का आयोजन मानव सेवा समिति की तरफ से किया। मुख्यअतिथि के तौर पर विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की। शिविर में 169 मरीजों ने होम्योपैथिक दवाइयों का लाभ उठाया और 10 मरीजों ने दांतों की का निशुल्क इलाज करवाया। कैंप में शुगर, कमर दर्द, माइग्रेन, नजला, फुलबहरी, सोरियासि, एलर्जी, पुरानी चमड़ी के रोग, पुरानी कब्ज, हर्निया, पेट दर्द, पुरानी खांसी, यात्रा में उल्टी व चक्कर आना, बच्चों का बिस्तर में पेशान करना, बच्चों का मिट्टी खाना, पेट के कीड़े, भूख न लगना, बाल सफेद होना, मोतिया, नाखुनों की बीमारी, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा व शराब छुडवाना, निम्म व उच्च रक्तचाप, बवासीर, मस्से, गुर्दे की पत्थरी सहित कई रोगों का सफल ईलाज होम्योपैथक पद्धति द्वारा किया। शिविर में डा. विनोद सांगवान, डा. अनिल शर्मा, डा. अश्वनी आर्य, डा. एसएस भारद्वाज, डा. उमेश कांत ने अपनी सेवाएं दी। लेखराज, प्रेम भारद्वाज ने बताया कि मानव सेवा समिति प्रतिदिन नंदीशाला हांसी रोड में चार क्विंटल चारा डालना, दंत चिकित्सालय, फ्री होम्योपैथक डिस्पेंसरी, फ्री सिलाई सेंटर, सर्दियों में गरीब बच्चों गरम वस्त्र देना आदि समाजसेवा के कार्य करती है।

जींद। शिविर में विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा को सम्मानित करते हुए।

प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभः अंजू

जींद। आधारशिला विद्यालय में विश्व प्रेस दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रेस की स्वतंत्रता के सिद्धांतों, मीडिया का मूल्यांकन और हमलों से उनकी रक्षा के विषय में अत्यंत रोचक ढंग से समझाया। इसमें भाषण, कविता, शेरो शायरी एवं नाटक आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि विशुद्ध पत्रकारिता समाज को जागरूक बनाती है। वह हमें हमारे अधिकारों के प्रति सचेत करती है और आमजन की आवाज बनकर समस्याओं का निराकरण कर हमारी सहायता करती है।

अध्यापकों ने दी डोर टू डोर दस्तक

- शिक्षित होने और शिक्षित करने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शुक्रवार को गांव किशनपुरा में घर-घर दस्तक देकर 06 से 60 साल तक आयु वर्ग के लोगों को उल्लास के साथ शिक्षित होने एवं शिक्षित करने के लिए ग्रामीणों को जागृत करने का कार्य किया। संघ के राष्ट्रीय प्रतिनिधि राजेश खर्ब ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए बताया कि शिक्षा एकमात्र वह साधन है जो हमें भय, भूख, भ्रष्टाचार बेरोजगारी और गरीबी से मुक्ति दिला सकती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छ, स्वस्थ और शिक्षित भारत की बात करते हुए कहा था कि जब तक भारत के गांव स्वच्छ स्वस्थ और शिक्षित नहीं होंगे, भारत के स्वच्छ स्वच्छ और शिक्षित होने की बात करना बेमानी होगी। क्योंकि भारत गांव का देश है अर्थात भारत की आत्मा गांव में बसती है। महात्मा गांधी के स्वप्न को पूरा करने के लिए उल्लास के साथ जुड़ कर स्वच्छ स्वस्थ और शिक्षित भारत का स्वप्न पूरा करने के लिए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान में सहयोगी बनकर गौरवांवित महसूस करें। शिक्षा चरित्रवान व्यक्तित्व का विकास करती है और चरित्रवान व्यक्ति ही समृद्घ समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करते हैं। व्यक्ति को समझ में हमेशा स्वार्थ से ऊपर उठ कर देश धर्म एवं समाज हित की सोच रखनी चाहिए।

जींद। किशनपुरा गांव में डोर टू डोर सर्वे करते राजेश खर्ब। फोटो :हरिभूमि

जींद। सांग का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

खेड़ाखेमावती में हीरामल जमाल सांग का मंचन

सफीदों। इंडियन कल्चरल एंड सोशल एजूकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में उपमंडल के गांव खेड़ा खेमावती में हीरामल जमाल नामक सांग का मंचन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ अंकुश गर्ग ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव घनश्याम दास ने की। सांग का शुभारंभ दीप प्र'वलित करके किया गया। सांगी संजय की टीम ने सांग प्रस्तुत करते हुए बताया कि हीरामल जमाल साग एक प्रेम कहानी पर आधारित था। एसडीओ अंकुश गर्ग ने कहा कि हरियाणा की महान संस्कृति को बचाने में युवा पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रयासों की आवश्यकता है। हरियाणवीं संस्कृति को फलीभूत करने में सांग का अहम योगदान रहा है। वर्तमान दौर में सांग का मंचन सिमटता चला जा रहा है जोकि एक चिंतनीय विषय है। ऐसे में विलुप्त हो रही सांग की संस्कृति को बचाने में आयोजक संस्था अपना अहम रोल अदा कर रही है, जिसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। कार्यक्त्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

छात्रों को किया मतदान के प्रति जागरूक

- छात्र-छात्राओं को दिलवाई गई मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों के एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष फोगाट ने शुक्रवार को नगर के राजकीय पीजी कालेज पहुंचकर छात्र-छात्राओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। इस मौके पर प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने एसडीएम मनीष फोगाट का अभिनंदन किया। एसडीएम मनीष फोगाट ने कालेज के विद्यार्थियों को वोट जरूर करने की शपथ भी दिलवाई। अपने संबोधन में एसडीएम मनीष फोगाट ने कहा कि मतदान करना हर किसी का सिर्फ अधिकार ही नहीं है, बल्कि एक विशेषाधिकार है। हमें हर चुनाव में मतदान करने के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। विद्यार्थी खुद तो मतदान करें ही साथ ही साथ अपने घर-परिवार, आस-पड़ौस, गांव व शहर में मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं व दूसरों को चुनावी प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रकिया में भाग लेकर हम एक अच्छी व सुदृढ़ सरकार का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं को अपने पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। देश के विकास में युवा वर्ग का अहम रोल होता है और युवाओं को इस अभियान में जुड़कर कार्य करना चाहिए।

जींद। कालेज में जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम मनीष फोगाट व अन्य।

करसोला गांव में ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करते पुलिस प्रशासन की टीम।

29 युवाओं ने उपचार के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया

जुलाना। गांव करसोला में पुलिस प्रशासन ने थाना प्रभारी नवीन मोर के नेतृत्व में गांव नशा मुक्ति कैंप का शुभारंभ किया है। कैंप का शुभारंभ गांव के प्रबुद्ध लोगों के साथ-साथ थाना प्रभारी नवीन मोर सहित ग्राम पंचायत, चंद्र शेखर आजाद युवा क्लब, नेहरू युवा केंद्र वोलंटियर व नशा मुक्ति टीम ने प्रार्थना सभा से शुरुआत की। शिविर में गांव करसोला से नशा पीड़ित कुल 29 लोगों ने दवा ली। नशा मुक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक नरेश ने बताया कि टीम ने गांव में डोर टू डोर सर्वे कर अबतक 29 लोगों की पहचान की है जोकि ड्रग की लत से प्रभावित हैं। जिनमें से 29 युवाओं ने उपचार के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। कैंप में नशे से उभारनें के लिए उनकी काउंसलिंग एवं उपचार कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ना प्राथमिकता रहेगी। डा. यशपाल ने बताया कि करसोला के आसपास के नशा प्रभावित गांवों मे भी नशा मुक्ति शिविर लगा नशा पीड़ितों को नशे की लत से छुटकारा दिलाया जाएगा व शीघ्र क्षेत्र को नशा मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। इस मौके पर सरपंच महेंद्र सिंह लाठर, अजीत सिंह, सुरेश मिस्त्री, प्रकाश, अशोक ऊर्फ गांधी और राजेश मौजूद रहे।

सीआएसयू में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम

फेक खबरों को किसी से सांझा न करें: वीसी

- कार्यक्रम में डिजिटल युग में पत्रकारिता विषय पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को जनसंचार विभाग द्वारा डिजिटल युग में पत्रकारिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीन अकेडमिक अफेयर व विभाग के चैयरपर्सन प्रो. संजय कुमार सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत कर विश्वविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि डिजिटल पत्रकारिता के आने से फेक न्यूज की समस्या हमारे सामने है। कई बार ये समझना मुश्किल हो जाता है कि खबर सही है या गलत। इसलिए खबरों की समझ रखें और फेक खबरों को किसी से भी सांझा न करें, सतर्क रहें। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि पत्रकारिता करना बहुत जिम्मेदारी का काम है। आज के डिजिटल युग में हमें खबरों की समझ होना भी जरूरी है। मुख्य वक्ता के तौर पर राजेश कुमार ने कहा कि आज के दिन डिजिटल युग की पत्रकारिता में अनेक चुनौतियों हैं।

जींद। मंच पर मौजूद विश्वविद्यालय स्टाफ व छात्र। फोटो :हरिभूमि

मीडिया साक्षरता की जरूरत बढ़ी

अब खबरों के लिए टेलीविजन या अखबार ही नहीं बल्कि डिजिटल माध्यम हमे मिल गए हैं। इन माध्यमों के आने के बाद मीडिया साक्षरता की जरूरत भी बढ़ गई है। दीपकमल ने बताया कि डिजिटल पत्रकारिता आने के बाद सूचनाओं की क्रांति आ गई है और ये क्रांति आने के बाद डिजिटल युग मे चुनौतियां भी बढ़ी हैं। श्रीवर्धन त्रिवेदी ने कहा कि डिजिटल युग मे पत्रकारिता की अहम भूमिका है। इसलिए डिजिटल मीडिया से हर व्यक्ति का जुड़ाव है। पर डिजिटल मीडिया हमारे लिए फायदेमंद भी है और नुकसानदायक भी है। डिजिटल मीडिया से होने वाले नुकसानों से हमें बचने की जरूरत है। इस मौके पर डा. बलराम बिंद, डा. रचना श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर डा. गौरव नरवाल, डा. प्रदीप कुमार, डा. कृष्ण कुमार, दीपक अरोड़ा, पूनम खटकड़, ट्विंकल संधु, कर्मवीर मौजूद रहे।

अलेवा स्कूल में मेधावी बच्चों को सम्मानित करते प्राचार्य सतेंद्र कुमार व अन्य।

अलेवा की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया

अलेवा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलेवा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते खंड स्तर पर वाणिज्य संकाय में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों पर कब्जा करने के चलते स्कूल में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य सतेंद्र कुमार ने की। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय की 65 छात्राओं में से 40 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की। वहीं विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि छात्रा वंदना ने वाणि'य संकाय में 500 में से 466 अंक लेकर खंड स्तर पर प्रथम, निकिता ने 460 अंकों के साथ द्वितीय तथा मुस्कान ने 432 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा छात्रा मनीषा ने 463 अंकों के साथ कला संकाय में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

खबर संक्षेप

भौतिक विश्लेषण पर दो दिवसीय वेबिनार लगाया

कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं व्यावहारिक संस्कृत शास्त्रीय ज्ञान संस्थान, चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 'पदार्थ' एवं 'संस्कृत शास्त्रीय अवधारणाओं का भौतिक विश्लेषण' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। दूसरे दिन की शुरूआत में संस्कृत शास्त्रीय ज्ञान संस्थान, चंडीगढ़ के निदेशक एवं एस.डी. कॉलेज, अम्बाला कैंट के संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आशुतोष अंगिरस ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि हम आधुनिक भौतिकी के प्रकाश, ऊर्जा, प्रकाश, पदार्थ, कार्य, कारण और विनाश के विषयों को कैसे खोज सकते हैं? डॉ. संजय कुमार गोयल ने डॉ. रमेश चंद्र का स्वागत किया।

भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे राम मेहर जागलान

राजौंद। दक्षिण अफ्रीका में वर्ल्ड चैंपियनशिप गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे गौरव स्कूल रोहेड़ा के पूर्व छात्र राम मेहर जागलान। स्कूल प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने बताया कि विद्यालय के पूर्व छात्र रममेहर स्कूल में आए और उन्होंने प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को संबोधित किया राम मेहर ने पानीपत में हुए पैरा राष्ट्रीय खेलों में 100 मीटर रेस में ब्राज मेडल प्राप्त किया। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका में 18 मई से 30 मई तक होने वाली पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मलेशिया में हुई ट्रायल में राम मेहर को पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया।

कलायत में तेजी से घुस रहा गंदा पानी बना ग्रामीणों की परेशानी

जालंधरसर तालाब में सीवरेज का पानी छोड़ने पर लोगों में गुस्सा

समस्या को लेकर लोगों ने शासन-प्रशासन से ठोस कार्यवाही की मांग की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के सजूमा रोड पर सीवरेज मैन हाल से तालाब में घुस रहे पानी को दिखाते बलदेव सिंह राणा व कलायत में दूषित पेयजल सप्लाई की जांच करने पहुंची टीम को पानी के नमूने दिखाते वार्ड 8 के निवासी। *फोटो : हरिभूमि*

कलायत में जालंधरसर तालाब में तेजी से घुस रहे सीवरेज के गंदे पानी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इसके लिए नगर के लोग जन स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेवार ठहरा रहे हैं। तालाब के तट पर नगर खेड़ा, प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर, माता बसंती मंदिर और बड़ा आवासीय क्षेत्र स्थित है। लेकिन जिस प्रकार सजूमा रोड पर सीवरेज मैन हाल के जरिये जरिये तालाब में गंदा पानी घुस रहा है वह गंभीर मुद्दा है। इस संकट को लेकर लोगों ने शासन-प्रशासन से ठोस कार्यवाही की मांग की है। लीलू राणा, रामकुमार राणा, बलदेव सिंह राणा, सोमपाल, महीपाल सिंह, हुक्मा राम, कश्मीर सिंह और दूसरे लोगों का कहना है कि पिछले काफी समय से सीवरेज पाइप लाइन की सफाई न होने के कारण पानी निकासी व्यवस्था ठप्प है। सीवरेज की बजाए गंदा पानी ओवर फ्लो होकर इधर-उधर बह रहा है। इस बीच व्यवस्था को दुरुस्त करने की बजाए जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने सीवरेज मैन हाल को तोडकर गंदे पानी का मुहाना तालाब में खोल दिया। इन परिस्थितियों में आसपास के इलाके में भारी दुगंर्ध है। यदि जल्द विभाग ने समस्या का हल नहीं किया तो लोग प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

किसी को नहीं तालाबों को गंदा करने की इजाजत: हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट प्रबंधन प्राधिकारण के कार्यकारी उपाध्यक्ष डा.प्रभाकर वर्मा ने कहा कि तालाबों के संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत तालाबों को उपयोगी बनाने के प्रयास हैं। किसी को भी तालाबों को गंदा करने की इजाजत नहीं है। ऐसा करने वालों के खिलाफ ठोस कार्यवाही तय है।

दूषित पेयजल सप्लाई को लेकर शिकायत: कलायत में सीवरेज प्रणाली के साथ-साथ पीने का मुद्दा भी पिछले कई दिन से गहराया है। इस संबंध में वार्ड 8 निवासी अमित धीमान ने विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करते हुए दूषित पानी की सप्लाई के आरोप लगाए हैं। इसको लेकर शुक्रवार को विभाग की टीम संबंधित क्षेत्र में पहुंची और सप्लाई की जांच की। इस दौरान महीपाल पंवार और दूसरे सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

करेंगे समस्या का हल

जन स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर सुनील कुमार ने बताया कि शिकायत पर त्वरित तौर से संज्ञान लेते हुए टीम मौका मुआयना कर रही है। विभाग निरंतर स्वच्छ जल मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है। यदि कहीं दूषित पेयजल सप्लाई के पहलु सामने आते हैं तो उसका निवारण किया जाएगा।

मेधावियों का पुरस्कार देकर किया सम्मान

- 12वीं के परीक्षा परिणाम में अव्वल रहे शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक जितेंद्र सिंह ने बताया कि बारहवीं कक्षा कुल 99 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 34 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। 45 विद्यार्थियों ने अपना नाम प्रथम श्रेणी में दर्ज करवाया। विज्ञान संकाय (मेडिकल) मे काफी गोयत सुपुत्री वकील चंद (गांव दुन्धरेहडी) ने 12वीं की परीक्षा में 480/500 अंक प्राप्त करके जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने गांव, क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया। काफी गोयत ने गृह विज्ञान में 97 अंक , भौतिक विज्ञान में 98 अंक, रसायन विज्ञान में 98 अंक, जीव विज्ञान में 96 अंक व गणित में 92 अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय (नान मेडिकल) मे 12वीं की छात्रा अन्नु सहारण सुपुत्री नरेश कुमार (गांव कोलेखां) ने 467/500 अंक प्राप्त करके कलायत ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनू ने भौतिक विज्ञान में 94 अंक, रसायन विज्ञान में 93 अंक, व गणित में 95 अंक प्राप्त किए। कला संकाय की छात्रा शबनम ने 467/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बुलेट से पटाखे बजाने वालों पर पैनी नजर

कैथल। ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की अलग - अलग टीम बनाकर ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे जा रहे है तथा साथ साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारें भी जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान अप्रैल माह दौरान एसी बुलेट बाइको के 54 चालान किए गए है। पुलिस द्वारा इस प्रकार की मोटरसाइकिलों पर निरंतर पैनी नजर रखने कारण अब सडक पर साईलैंसर की मार्फत पटाखे की आवाज निकालने अथवा मोडिफाईड साईलैंसर युक्त बुलेट बाइकों में भारी गिरावट आई है।

राजौंद। स्कूल प्रधानाचार्य को सम्मानित करते हुए स्कूल स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

प्रधानाचार्य को किया सम्मानित

राजौंद। गांव जाखौली के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति व स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने मिलकर स्कूल के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य ने कहा कि यह संमान दिवस वह हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य दिवस पर सभी विद्यार्थियों में स्टाफ सदस्यों ने उन्हें जो सम्मान दिया है वह उसे कभी भी भूल नहीं पाएंगे वह बच्चों के इस प्यार को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा शिक्षा की भविष्य में भी वह अलख जागते हुए वह बच्चों में जागरूकता लाने का पूरा प्रयास करेंगे। इसके अलावा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर चल रहे अभियान को सफल बनाने में भी वह पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान प्रबंध समिति को उन्होंने आश्वासन दिलाया कि वह स्कूल के लिए हमेशा निष्ठा व लगन से इसी तरह कार्य करते रहेंगे।

गुहला चीका। विभिन्न सब्जियों की वेशभूषा में सजे कोहिनूर एकेडमी के बच्चे।

कोहिनूर एकेडमी में मनाया शाकाहारी दिवस

गुहला-चीका। टटियाना स्थित कोहिनूर इंटरनेशनल एकेडमी के प्रांगण में आज नई शिक्षा नीति 2020 के तहत आज शाकाहारी शाक दिवस मनाया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने को खेल खेल में विभिन्न रंगों की सब्जियों से परिचित करवाया गया। इसके लिए बच्चे व अध्यापक विभिन्न रंगों की वेशभूषा में सज कर आए थे। कई बच्चे सब्जियां, फलों व पेड़ पौधों की पोशाकों में दिखाई दे रहे थे। इस मौके पर कविता गायन, नृत्य, स्किट, फ्लैश कार्ड, वातार्लाप, नाट्य मंचन इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी बच्चों को सब्जियों के नाम, रंगों व गुणों से परिचित करवाते हुए इन्हें रोजमर्रा की आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या कंवलजीत कौर बाजवा व चेयरपर्सन डॉ. सुखविंदर कौर ने कहा कि कि सब्जियों के गुणों से परिचित होने पर बच्चे उन्हें चाव से खाना पसंद करेंगे।

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में शिक्षण सत्र का शुभारंभ

- शिक्षण सत्र का शुभारंभ से पहले हवन में डालीं आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। हवन में आहुति डालते जाट स्कूल के पदाधिकारी तथा विद्यार्थी।

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल में नए सत्र 2024-25 के उपलक्ष्य में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के कुशल प्रशासक चंद्रशेखर सहारण, जाट शाइनिंग स्टार स्कूल के प्राचार्य श्री पंकज गुप्ता, बीएड कॉलेज प्राचार्य दिनेश ढिल्लों , जाट आईटीआई के प्राचार्य कुलदीप गोपेरा, कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर राजकला सिहाग पूनिया व समस्त स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने आहूति डाली। पूणार्हुति के बाद मिष्ठान भी बांटा गया। पंडित ने पूरे विधि-विधान के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता जी ने कहा कि हवन-यज्ञ का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इससे जहां पर्यावरण शुद्ध होता हैं तो वहीं सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में बिना हवन यज्ञ के कोई शुभ कार्य संपन्न नहीं होता था। इस दौरान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को नई कक्षा में प्रवेश पर बधाई देते हुए अच्छे से मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने और अच्छे अंक लाने को प्रेरित किया। उन्होंने मौजूद छात्र- छात्राओं से कहा कि यदि किसी भी छात्र- छात्रा को किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह बिल्कुल निडर भाव से उनके समक्ष पेश होकर अपनी समस्या बताएं उनका हर संभव निदान किया जाएगा। आप सभी लगन और मेहनत के साथ अपनी पढ़ाई करें, क्योंकि पढ़ाई ही जीवन की असली पूंजी होती है। इसका न कहीं खो जाने का डर, न ही चुरा लिए जाने का डर रहता है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को आज से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए, ताकि आप सही दिशा में बढ़ते हुए अपनी मंजिल पा सके।

राजौंद। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्कूल स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

मेधावियों को किया सम्मानित

राजौंद। गांव किठाना के न्यू टैगोर सी.से. स्कूल के बेहतर परीक्षा परिणाम वह मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल मैनेजमेंट द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावक व गांव के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक हरपाल ढांडा, डिप्टी डायरेक्टर अशोक ढांडा व प्रधानाचार्य अरविन्द शास्त्री ने बताया कि 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुक्रवार को स्कूल में सम्मानित किया गया ताकि छात्रों के अंदर पढ़ाई के प्रति और जागरूकता आए और अन्य विद्यार्थी भी इन विद्यार्थियों की तरह बेहतर परिणाम लाने में भरसक प्रयास करें। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल की छात्रा भारती चहल ने विज्ञान संकाय में 470 अंक लेकर ब्लाक में प्रथम स्थान तथा खुशी ढांडा ने कॉमर्स में 469 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिनमें राखी ढांडा व खुशी ढांडा, खुशी धीमान, अंजलि ढांडा, रितु जागलान व सन्नी ढांडा शामिल रहे।

जाट संवाद यात्रा जाट भाईचारे को मजबूत करेगी

- जाट संवाद यात्रा का गांव कोटड़ा में हुआ जोरदार स्वागत किया गय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद। चहल भट्ठे पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत करते हुए।

अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया द्वारा जाट संवाद यात्रा सम्पूर्ण भारतवर्ष में निकाली जा रही हैं। शुक्रवार को यह यात्रा क राजौंद के गांव कोटड़ा में पहुंचने पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश प्रतिनिधि सुरेश जैलदार, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद कैथल के प्रतिनिधि डॉ अश्विनी गोयत, सरपंच कर्मवीर भाल ने साथियों के साथ जाट संवाद यात्रा का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने बताया कि जाट संवाद यात्रा सम्पूर्ण भारतवर्ष में निकाली जा रही हैं। जाट समाज वर्तमान में सामाजिक व राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर हो चुका है। जाट समाज के सामाजिक भाईचारे की बुनियाद को कमजोर किया जा रहा है। इन सब हालातों पर चर्चा कर कोम के जागरूक व सक्रिय लोगों को जाट संवाद यात्रा से जोड़ा जाएगा। इस दौरान कोम के गौरवशाली इतिहास कोम की सभ्यता संस्कृति व युवाओं को जाट इतिहास के प्रति जागरूक करने रोजगार सृजन व शिक्षा, व्यापार के प्रति जागरूक किया जाएगा। सामाजिक नेटवर्क तैयार किया जाएगा समाजिक कुरीतिओं के खात्मे पर चर्चा, समाज के जागरूक, प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी लोगों से इस यात्रा के दौरान संवाद कर समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पूरे देश के जाट समाज को सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए विश्व जाट एकता के लिए कार्य किया जाएगा। इस दौरान जाट संवाद यात्रा में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनु चौधरी दांतल, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश प्रतिनिधि भवानी सिंह किरमारा,अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रतिनिधि अंकित बालियान, हरियाणवी सिंगर बिंदर दनौदा, पवन पूनियां आस्ट्रेलिया,मनोज चहल, शक्ति मलिक मेरठ, डॉ रमन, अमित, अमृतलाल, सहित तमाम जाट समाज के प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी व आसपास के इलाके के जनप्रतिधि यात्रा में शामिल रहें।

नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों का आह्वान किया कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्फलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें।

मतदाता जब पहुंचे बूथ, लोकतंत्र करे मजबूत...

- हरियाणा रोडवेज की बसों पर लगी प्रचार सामग्री लोगों को कर रही मतदान के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। बस पर लगे मतदान संबंधित पोस्टर। *फोटो : हरिभूमि*

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि हरियाणा रोडवेज की बसों पर लगी प्रचार सामग्री लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रही है। प्रचार सामग्री में लिखे गए स्लोगन जैसे ह्यमतदाता जब पहुंचे बूथ, लोकतंत्र करे मजबूत ह्न मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई को होगा। इसी के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

हरियाणा राज्य परिवहन कैथल डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। उन्होंने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करें।

व्याख्यान में शिक्षकों को दिए बेहतर शिक्षा के टिप्स

- एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में बिजनेस मैनेजमेंट एवं टीचिंग तकनीक पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। अमित वारवाटकर को सम्मानित करते एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में बिजनेस मैनेजमेंट एवं टीचिंग तकनीक विषय पर एक विशेष व्याख्यान कराया गया। इसमें पराकव्य लिमिटेड कंपनी के सीईओ एवं बिजनेस मैनेजमेंट विशेषज्ञ अमित वारवाटकर ने मुख्य रूप से बिजनेस मैनेजमेंट एवं टीचिंग तकनीक के बारे में टीचिंग फैकल्टी एवं छात्रों को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने टीचिंग टिप्स देते हुए कहा कि एक टीचर का विजन हमेशा स्पष्ट होना चाहिए। शिक्षक एक अच्छा योजना कर होना चाहिए एवं उसमें हमेशा सीखने की लालसा होनी चाहिए तभी एक शिक्षक अच्छे तरीके से छात्रों को मार्गदर्शित कर सकता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर शमीम अहमद ने मुख्य वक्ता अमित वारवाटकर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ.राजीव दहिया,डीन एकेडमिक्स प्रो.आर.के.गुप्ता, डीन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट प्रो.रेखा गुप्ता विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मनोज कुमार आदि रहे।

अप्रैल माह में 200 घुटने बदलकर प्रदेश में रचा नया कीर्तिमान

सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल कैथल ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। उजाला सिग्नस सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल कैथल के चिकित्सक डा . सितेंद्र गर्ग आपरेशन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

शहर के उजाला सिग्नस सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने अप्रैल माह में 200 घुटने बदलकर प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पीजीआई के अलावा किसी भी अन्य अस्पताल में इस प्रकार के इतने बड़े पैमाने पर आपरेशन नहीं हुए हैं। खास बात यह है कि इनमें से 100 प्रतिशत आपरेशन सफल रहे। आपरेशन करवाने के बाद मरीज अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सितेंद्र गर्ग की खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं। बता दें कि उजाला सिग्नस सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने अव्वल तरह की मैडिकल सुविधाएं देकर कैथल व आसपास के लोगों के लिए विशेष सुविधा दी है। इस कारण अब कैथल व आसपास के जिले के मरीजों को आपातकाल या अन्य आपरेशन को लेकर पीजीआई चंडीगढ जाना पड़ता था। आपात स्थिति में बीच रास्ते में ही कई व्यक्ति दम तोड़ देते थे लेकिन अब उजाला सिग्नस सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में पीजीआई की तर्ज पर सभी प्रकार की आधुनिक मैडिकल सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। उनके साथ विनोद शर्मा, अनिल, रवि, अशोक, डा. गौरव जैन, योगेश व मोहित शर्मा आदि उपस्थित थे।

भगवान के समान हैं चिकित्सक

पटियाला से घुटने बदलवाने पहुंचे मरीज सिमरदीप सिंह ने बताया कि वे पिछले 8 सालों से गोडे के दर्द से जूझ रहे थे। उसे गोडे बदलवाने की सलाह दी गई थी लेकिन उसे डर था कि कहीं आपरेशन कामयाब नही हुआ तो वह बिस्तर तक सिमटकर रह जाएगा लेकिन उजाला सिग्नस सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सितेंद्र गर्ग ने उनके गोडे का सफल आपरेशन कर उन्हें वर्षो के दर्द से बचाया तो वहीं अब वे आराम चलते ही नहीं बल्कि सीढ़ियां भी चढ़ सकते हैं।

सेवा कर मिलता है सुकुन

उजाला सिग्नस सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल कैथल के चिकित्सक डा. सितेंद्र गर्ग ने बताया कि मरीजों की सेवा करना ही चिकित्सक का मुख्य धर्म है। जैसे भी कोई मरीज उनके यहां आता है तो वे बिना समय गवांए मरीज की सेवा करते हैं। उनके पास न केवल हरियाणा बल्कि पंजाब के विभिन्न जिलों से भी मरीज पहुंच रहे हैं। अप्रैल माह में उनके द्वारा गोडे के 200 सफल आपरेशन हुए। अस्पताल में आयुष्मान कार्ड, इचीएचएस, इएसआईसी, आल टीपीए पैनल की सुविधा उपलब्ध है।

खबर संक्षेप

कैथलः उद्घघोषित आरोपी गिरफ्तार

कैथल। पीओ पकडो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एक उद्घघोषित आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पी.ओ. स्टाफ के एएसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव सौंथा निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर 29 सितंबर 2022 की रात सलेमपुर चीका से एक बोलेरो पिकअप गाड़ी चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज है। आरोपी को उक्त मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था।

दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने का आरोपित काबू

जींद। सेक्टर छह में एक व्यक्ति को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने, बंधक बना मारपीट करने, नंगा कर अश्, दो लाख रुपये ऐंठने के के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को काबू किया है। आरोपित की पहचान सोनीपत के बुटाना क्षेत्र के गांव बड़ौदा निवासी कृष्ण कुमार के रूप में हुई है।

सेक्टर छह निवासी कर्मबीर ने 21 अक्टूबर 2020 को सिविल लाइन थाना को दी शिकायत में बताया था कि वह घर पर अकेला ही रहता था। 12 अक्टूबर को उसके पास एक महिला का फोन आया और सब्जी, रोटी, साफ.सफाई के लिए काम मांगा। इस पर उसने हामी भर दी। क्योंकि वह घर पर अकेला ही रहता था और उसे खाना बनाने, काम वाली की जरूरत थी। इसके बाद उस महिला का दोबारा से फोन और उसने बताया कि वह सफीदों गेट पर खड़ी है, उसे घर का नहीं पता।

अंबाला में रेलवे ट्रैक बाधित होने से जींद में रेलगाड़ियों का लोड बढ़ा

- पहले गुजरती थी 80 ट्रेनें, अब गुजर रही 160
- औसतन हर नौ मिनट में गुजर रही एक ट्रेन, पांच-पांच मिनट में बंद करने पड़ रहे रेलवे फाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसानों द्वारा अंबाला में रेलवे ट्रैक रोकने का खामियाजा जींद की जनता को भुगतना पड़ रहा है। दिल्ली-चंडीगढ़ रूट की ट्रेनों को डायवर्ट कर वाया जींद बठिंडा के रास्ते पंजाब की तरफ भेजा जा रहा है। इस रेलवे ट्रैक पर पहले ही 80 के करीब यात्री ट्रेनें और मालगाड़ी गुजरती थी लेकिन अब 24 घंटे में 160 से 'यादा रेलगाड़ियां प्रतिदिन गुजर रही हैं। औसतन हर नौ मिनट में एक ट्रेन गुजरती है और पांच-पांच मिनट में रेलवे फाटक बंद करनी पड़ रही हैं। इससे फाटक के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग रही है। सबसे 'यादा परेशानी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हो रही है, वहां आधे घंटे से एक घंटे तक फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है।

गौरतलब है कि गत 15 अप्रैल को अंबाला रेलवे ट्रैक पर किसानों ने डेरा डाल कर ट्रैक को बाधित कर दिया था। ऐसे में कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने पड़े। दिल्ली से अंबाला होते हुए पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल जाने वाली ट्रेनों पर इसका असर पड़ा। रेलवे विभाग ने पंजाब की तरफ जाने वाली ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिल्ली से बहादुरगढ़, रोहतक, जींद, नरवाना, बठिंडा के रास्ते पंजाब की तरफ भेजना शुरू कर दिया। इससे जींद से होकर गुजरने वाली रेलवे लाइन पर ट्रेनों का दबाव बढ़ गया और कुछ ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से गंतव्य तक पहुंचने लगी। क्योंकि एक्सप्रेस और लंबी दूरी की ट्रेनों को पहले रास्ता देने के लिए पैसेंजर और दूसरी ट्रेनों को पासिंग ट्रैक पर खड़ा किया जाने लगा। इससे यात्रियों की भी परेशानी बढ़ने लगी है।

ये ट्रेनें डायवर्ट होकर जींद से गुजर रही

डायवर्ट ट्रेनों में 12445-46 उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, 12471-72 स्वराज एक्सप्रेस, 11077-78 झेलम एक्सप्रेस, 11057-58 दादर एक्सप्रेस, 12919-20 मालवा एक्सप्रेस, 15707-08 आम्रपाली एक्सप्रेस, 22461-62 श्री शक्ति एक्सप्रेस, 12413-14 पूजा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12715-16 सचखंड एक्सप्रेस, 12426 न्यू दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12203 अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस, 12379 अमृतसर जलियावालां बाग एक्सप्रेस, 12751 जम्मू तवी हमसफर एक्सप्रेस, 12204 सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस शामिल हैं। बाकी पैसेंजर ट्रेनें भी हैं और इनके अलावा मालगाड़ियां हैं।

जींद रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

जींद से होकर गुजरती थी 50 यात्री ट्रेनें, 30 मालगाड़ी, अब दो गुणा

अंबाला रेलवे ट्रैक रोकने से पहले दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन पर जींद से होकर 50 पैसेंजर, एक्सप्रेस ट्रेनें तथा 30 मालगाड़ी गुजरती थी। इससे एक घंटे में एक या दो बार रेलवे फाटक को बंद करना पड़ता था। दूसरे रूट की ट्रेनें डायवर्ट होने के बाद अब हर पांच-पांच मिनट में रेलवे फाटक बंद करनी पड़ती है।

ट्रेनें जींद रास्ते से डायवर्ट होकर गुजारने के आदेश : जयप्रकाश

जींद रेलवे स्टेशन अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि सामान्य स्थिति होने होने के बाद फिर से पहले वाली समयसारिणी के अनुसार ट्रेनें चलेंगी। फिलहाल जींद से होकर 160 के करीब ट्रेनें गुजरती हैंए जिनमें मालगाड़ी भी शामिल हैं। जब तक अंबाला के पास रोका गया रेलवे ट्रैक बहाल नहीं हो जाताए तब तक ट्रेनें इसी रास्ते से डायवर्ट होकर गुजारने के आदेश मुख्यालय से मिले हैं।

चीका अनाज मंडी में गेहूं उठान में देरी से आढ़तियों में रोष

गेहूं में नमी और घटौती के नाम पर रिश्वत मांगने के लग रहे हैं आरोप

आज भी चीका मंडी में लाखों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका अनाज मंडी में गेहूं उठान में खुला भ्रष्टाचार हो रहा है। आरोप है कि गेहूं उठान करने वाले वाहन चालक गेहूं उठान के नाम पर आढ़तियों से 9 रुपए प्रति कट्टा तक की मांग कर रहे हैं। कई कई दिनों तक जब गेहूं का उठान नहीं होता तो आढ़ती को मजबूरन इन वाहन चालकों को नजराना देना पड़ रहा है। इतना ही ठेकेदार के ढुलमुल रवैये के चलते समय पर उठान ना होने के चलते गेहूं में होने वाली घटौती का खामियाजा भी आढ़तियों को भुगतना पड़ रहा है। आरोप है कि अधिकारी पहले तो नमी के नाम पर कट लगाते हैं उसके बाद जब गेहूं गोदामों में पहुंचती है तो वहां पर तैनात अस्थाई कर्मचारी घटौती के नाम पर रिश्वत की मांग करते हैं। कई आढ़तियों ने बताया कि भंडारण के समय कर्मचारी घटौती का गेहूं मौके पर जमा करवाने की जिद्द करते है जबकि इससे पहले घटौती की सूचना आढ़ती को दी जाती थी जिसका आढ़ती बाद में नगद भुगतान करते थे। अतिरिक्त अनाज मंडी के पूर्व प्रधान रूलदू राम प्रजापत, जितेंद्र कुमार, ज्ञान चंद, अशोक कुमार ने बताया कि आज भी चीका मंडी में लाखों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार के पास पर्याप्त मात्रा में वाहन नहीं होते इसके बावजूद वह जैसे तैसे कर टेंडर छुड़ा लेता है। बाद में समय पर लदान नहीं हो पाता जिसका खामियाजा आढ़तियों को भुगतना पड़ता है। पूर्व प्रधान रूलदू राम ने कहा कि लदान के मामले में अनाज मंडी एसोसिएशन पूरी तरह से फैल साबित हुई है। रूलदू राम ने कहा कि एसोसिएशन के सदस्य पहले अपने चहेतों को वाहन उपलब्ध करवाते हैं और जिन आढ़तियों की कोई पहुंच नहीं होती उनकी दुकानों के सामने गेहूं की बोरियां महीनों तक पड़ी रहती है। मंडी में समुचित प्रबंध करने में विफल रहे हैं।

चीका अनाज मंडी में रैली स्थल पर लगे गेहूं की बोरियों के चट्टे।

9 मई को होनी है मुख्यमंत्री की रैली, रैली स्थल पर पड़े है लाखों कट्टे गेहूं

चीका अनाज मंडी में आने वाली नौ मई को मुख्यमंत्री नायब सैनी की रैली प्रस्तावित है। इस रैली को मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ साथ पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व कई दूसरे भाजपा नेता संबोधित करेंगे। रैली में हजारों लोगों की भ्ड़ीड़ जुटने की संभावना है। जिस जगह पर रैली होनी है उस शेड के नीचे व आसपास लाखों कट्टे गेहूं के पड़े हैं। ऐसे में यदि समय रहते गेहूं की बोरियों का उठान नहीं किया गया तो रैली में आने वाले लोगों को परेशानी हो सकती है।

गेहूं उठान के कार्य में तेजी लाई जाएगी

गेहूं उठान के कार्य में तेजी लाने के लिए आज डीएमयू कुरुक्षेत्र द्वारा ट्रांसपोर्टों की बैठक बुलाई गई है। अगले एक दो दिनों में उठान के कार्य में तेजी लाई जाएगी और उम्मीद है कि नौ मई से पहले पहले मंडी से सारा गेहूं भंडारण स्थलों तक पहुंचा दिया जाएगा। -सतबीर राविश, सचिव मार्केट कमेटी चीका।

उचाना मंडी में चल रहा गेहूं उठान का कार्य। फोटो : हरिभूमि

उचानाः गेहूं खरीद का 60 प्रतिशत हुआ उठान

- उठान में रफ्तार से जल्द होगी मंडियां खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गेहूं की आवक लगभग बंद होती जा रही है। उठान की रफ्तार निरंतर तेज हो रही है। अब तक उचाना में हुई खरीद का 60 प्रतिशत उठान हो चुका है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि उचाना मंडी, छात्तर सब यार्ड, घोघड़िया, काब्रच्छा, धनखड़ी परचेज सेंटर पर 905909 क्विंटल की खरीद हुई है। 543982 क्विंटल का उठान अब तक हो चुका है। उठान के मामले में छात्तर में डीएफएससी सबसे आगे है। 99 प्रतिशत उठान वहां अबतक हो चुका है। इस बार गेहूं की फसल बेचने के लिए 13287 किसानों ने गेट पास कटवाए। सबसे अधिक उचाना मंडी में 8976 गेट पास गेट तो सबसे कम धनखड़ी में 130 गेट पास कटे। छात्तर सब यार्ड पर 1980, काब्रच्छा में 853, घोघड़िया में 1448 गेट पास कटे। सचिव ने बताया कि उचाना मंडी में डीएफएससी ने 386143 क्विंटल की खरीद की है। 202711 क्विंटल का उठान अब तक हुआ है। हैफेड ने 240571 क्विंटल की खरीद की है। 125741 क्विंटल उठान हुआ है। छात्तर सब यार्ड में डीएफएससी ने 68095 क्विंटल की खरीद की है। 67199 क्विंटल का उठान हो चुका है।

नागरिक अस्पताल में लगी मरीजों की लंबी लंबी लाइनें। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में आउट्सोर्स कर्मी कर रहे मरीजों के साथ दुर्व्यवहार

- अस्पताल में मरीजों को नहीं मिलती किसी तरह की कोई जानकारी
- जानकारी न मिलने के चलते भटकने को मजबूर मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना स्थित नागरिक अस्पताल के कर्मचारी मरीजों के साथ-साथ किसी काम से अस्तपातल में आए नागरिकों के साथ अक्सर दुर्व्यवहार करते नजर आते हैं। किसी को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि उनके पास जो मरीज आया है, उसकी हालत कितनी गंभीर है। सुबह सात बजे से नागरिक अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइन लग जाती है। चाहे वह ओपीडी हो आपातकालीन विभाग। यह आलम सुबह से दोपहर तक रहता है। मरीजों की लंबी लाइन के पीछे कर्मचारियों की लापरवाही सामने आती है। अस्पताल में तैनात कर्मचारियों का मरीजों से 'यादा अपने काम पर ध्यान रहता है। इस कारण मरीज इधर-उधर भटकता रहता है। कोई उन्हें यह बताने के लिए तैयार नहीं होता है कि आखिर उनकी समस्या का समाधान कैसे किया जाए। अस्पताल में आए स्थानीय लोगों ने बताया कि अधिकतर आउटसोर्स पर लगे कर्मचारी अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों की बात को भी दरकिनार करते हैं। डॉक्टर उन कर्मचारियों के सामने बेबस नजर आते हैं। वहीं लोगो का कहना है की अगर कोई व्यक्ति आउटसोर्स कर्मचारी को कुछ बोलता है तो वे उन्हें आंख दिखाते हैं। अस्पताल में अक्सर बेबस बीमार लाचार व्यक्ति ही अपने इलाज के लिए आते हैं और अगर आगे उन्हें कर्मचारियों द्वारा ऐसा दुर्व्यवहार मिलता है तो उनका मन और भी उदास हो जाता है और वह निराश होकर वहां से बिना इलाज लिए वापस चले जाते हैं।

संज्ञान में नहीं कोई मामला

स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डा. मनीष बंसल ने बताया कि उनके संज्ञान में ऐसा कोई मामला अभी तक नहीं आया है। अगर फिर भी नरवाना के नागरिक अस्पताल में कोई आउटसोर्स पर लगा कर्मचारी अस्पताल में आए हुए लोगों या मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करता है तो उसकी मुझे लिखित में शिकायत दीजिए। वो ऐसे कर्मचारियों पर पर तुरंत कार्रवाई करेंगे।

जुलाना। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

कन्या गुरुकुल कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम

जुलाना। गांव शादीपुर के कन्या गुरुकुल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डा दीवान सिंह ने शिरकत की। छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य दीवान सिंह ने कहा कि युवाओं को समय और धन का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य को लेकर चलने की जरूरत होती है। प्राचार्य डा. बिजेंद्र ने कहा कि कर्मठ और परिश्रमी युवा ही विकसित भारत के लिए अहम भूमिका दे सकते हैं।

लोकतंत्र में पत्रकारिता के महत्व पर संगोष्ठी

- कर्तव्य पालन करते अपनी जान की बाजी लगाने वाले पत्रकारों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं कर्तव्य पालन करते हुए अपनी जान की बाजी लगाने वाले पत्रकारों को श्रद्धांजलि देने के लिए केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोकतंत्र में पत्रकारिता का महत्व विषय पर भारतेंदु साहित्य परिषद द्वारा विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता सच्चे अर्थोर् में जरूरी है। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जगबीर दूहन ने कहा कि विश्व के इतिहास में ऐसे बहुत से पत्रकार हुए हैं जिन्होंने अपना कर्तव्य निभाते हुए काम का खामियाजा अपनी जान देकर चुकाना पड़ा है। वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2022 के अनुसार 180 देशों में भारत 157वें स्थान पर से 2023 में 161वें स्थान पर खिसक गया है। डेनमार्क और स्वीडन पहले और दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। भारतेंदु परिषद के संयोजक सुल्तान सिंह ने कोरोना काल युद्ध जैसी भयंकर अवस्था लोकतांत्रिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने चुनाव आदि के समय पत्रकारों की भूमिका पर विचार रखे।

विद्यार्थिओं के समक्ष अपने विचार प्रकट करती हुई प्राध्यापिका उषा शर्मा।

सीएम नायब सिंह से मिलने पहुंचा सैनी समाज का शिष्टमंडल। फोटो : हरिभूमि

सीएम से मिला सैनी समाज का शिष्टमंडल

कैथल। 2 मई की रात्रि को कैथल जिले से सैनी समाज का एक शिष्टमंडल चंडीगढ़ उट हाउस में मुख्यमंत्री नायब सैनी से अशोक सैनी एडवोकेट की अध्यक्षता में मिला और उन्हें आश्वस्त किया कि सैनी समाज भाजपा के साथ है और नवीन जिंदल को जीत दिलवाने के लिए कड़ी मेहनत करेगा। शिष्टमंडल में एडवोकेट अशोक सैनी, जग्गा राम सैनी, ज्योति सैनी, लीलू सैनी पार्षद, राज सैनी पार्षद, रामफल सैनी पार्षद, गोपाल सैनी पार्षद, ओमप्रकाश मीरा पूर्व पार्षद, विजय सैनी प्रोपर्टी एडवाइजर, मुकेश सैनी अमरगढ़ गामड़ी,रामनाथ सैनी पूर्व सरपंच खानपुर, अनिल सैनी काला खानपुर, गुरदेव सैनी अमरगढ़ गामडी, बंसी सैनी अमरगढ़ आदि मौजूद रहे।

पड़ोसी राज्यों के मतदाताओं को वोटिंग वाले दिन मिलेगा पेड हॉली-डे

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि राज्य सरकार ने 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉपोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है, को वोट डालने के लिए पेड होलीडे (सवैतनिक अवकाश) देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, कारखाने आदि में काम करते हैं।

कलायत में अब भी नहीं गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने के संसाधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में डोर टू डोर सफाई प्रबंधन की बिगड़ी व्यवस्था पर गमार्ये मुद्दे के बीच सुगम स्वच्छता द्वारा शुक्रवार को शहर में जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इसके माध्यम से टीम ने लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग ढंग से डिब्बे में रखने का पाठ पढ़ाया। मास्टर ट्रेनर विनय, शोभा और सुपरवाइजर नवीन राणा ने कचरा प्रबंध बारे बारे विस्तार से जानकारी दी। शोभा ने बताया की गीला कचरा वह होता है जो गल सकता है। इसमें चाय की उबली पत्ती, सब्जियों के छिलके और बचा हुआ खाना जैसे पदार्थ शामिल हैं। ये प्रकृति से मिले हैं और प्रकृति में ही मिल सकते हैं। इस गीले कचरे को हरे रंग के डस्टबिन में संग्रह करना चाहिए।

सूखा कचरा वह होता है जो गल नहीं सकता। इसमें प्लास्टिक, पोलीथिन, गत्ता, चमड़ा और इस प्रकार की दूसरी वस्तुएं हैं। ये मानव द्वारा निर्मित होती हैं और गल नहीं सकती। इस सूखे कचरे को नीले रंग के डस्टबिन में संग्रह करना चाहिए। कचरे को जल में प्रवाहित करते हैं तो जलीय जीव नष्ट हो सकते हैं। जलाने पर वायु प्रदूषित होती है।

कलायत। सूखे व गीले कचरे को बिना बाक्स के गाड़ी में डालते कर्मी।

सरकारी स्कूल हरिगढ़ किंगन में सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

जीवन का पहला सुख है निरोगी कायाः वीरमति सीड़ा

- बेहोश व्यक्ति को कुछ भी खिलाना-पिलाने ठीक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी के महासचिव डॉक्टर मुकेश अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हरियाणा के हर नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रयास निरंतर जारी है। इसी कड़ी में हरियाणा के अनेक विद्यालयों में सचिव जिला रेड क्रॉस सोसाइटी रामजी लाल द्वारा लाइफ सेविंग स्किल प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया जा रहा है। यह जीवन सुरक्षा प्रशिक्षण ही जिंदगियों को बचा सकता है। यह विचार जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कैथल के सेंट जॉन एंबुलेंस प्रवक्ता प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने हरिगढ़ किंगन सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को कहे। झींजर ने स्वास्थ्य सुरक्षा संगोष्ठी में कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में हर व्यक्ति को अपने जीवन सुरक्षा पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। प्राथमिक चिकित्सा सहायता बारे जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि बेहोश व्यक्ति को कुछ भी खिलाने या पिलाने का प्रयास जानलेवा हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में हमें उसके डूबते सांस और मंद पड़ रही दिल की धड़कनों पर ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है। राजा सिंह ने कहा कि आकस्मिक चक्कर आ कर गिरे या दुर्घटनाग्रस्त बेहोश व्यक्ति को पानी पिलाने, हाथ पैरों की मालिश करने का प्रयास उसके स्वास्थ्य को और बिगड़ने से नहीं बचा सकता। उन्होंने कहा कि यह जीवन रक्षक प्रशिक्षण और हमारी सतर्कता, स्वयं के साथ-साथ दूसरों को सुरक्षित जीवन प्रदान करती है। हरिगढ़ किंगन स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर वीरमती सीड़ा ने कहा कि यह लाइफ सेविंग स्किल स्कूली शिक्षा का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि जीवन का पहला सुख निरोगी काया है जिसे कायम रखने के लिए हमें ऐसे प्रशिक्षण लेना बेहद जरूरी है। इस प्रशिक्षण में स्कूल हेल्थ एंबेसडर तरनजीत कौर व सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर चंद्रभान वर्मा, उर्मिला देवी, मौलिक मुख्य अध्यापक महेंद्र सिंह, प्रीतम दास, गौरव सिंगला, सतीश कुमार, महेंद्र सिंह, ज्योति मेहता आदि मौजूद रहे।

विद्यार्थियों में जीवन सुरक्षा के रंग बिखरते प्राध्यापक राजा सिंह झींजर व अन्य।